वर्ष 4 अंक 157
पृष्ठ 14
धनबाद, शनिवार
12 दिसंबर 2015
आसनसोल संस्करण
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण



कमाई के मामले में शाहरुख ने सलमान को पछाड़ा – 13 सड़क मंत्रालय में भ्रष्टाचार पर रोक को गडकरी का कदम – 7

www.jagran.com पश्चिम बंगाल • झारखंड • बिहार • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



# डीपीएस के बच्चों ने बिखेरा जलवा




वार्षिकोत्सव में नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे। जागरण

**जागरण संवाददाता, आसनसोल** : दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित किया गया। रामकृष्ण मिशन आसनसोल के सचिव स्वामी सौमात्मानंद जी महाराज, डीपीएस आसनसोल के प्रो वाइस चेयरमैन रमेश प्रसाद गोयनका, मैनेजिंग ट्रस्टी प्रतीक गोयनका, डीपीएस धनबाद के प्राचार्य केके भार्गव तथा आसनसोल के प्राचार्य रामदेव शर्मा ने संयुक्त रूप से दीपजलाकर किया। समारोह में स्कूल के नन्हें-मुन्हें बच्चों द्वारा रंगारंग व आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसे देखकर अभिभावक व अतिथि भाव विभोर हो उठे। इस दौरान बच्चों ने कृष्णलीला, सोलो गीत, टॉडलर्स इमेजिनेशन, अंग्रेजी गीत, जुगलबंदी, कव्वाली सहित अन्य कार्यक्रम पेश किए। डीपीएस आसनसोल के मैनेजिंग ट्रस्टी प्रतीक गोयनका ने कहा कि शिल्पांचल में शिक्षा जगत में डीपीएस ने एक नए युग की शुरूआत की है। शिल्पांचलवासियों को यहां गुणवत्तापरक व आधुनिक पद्धति से अपने बच्चों को शिक्षित करने का अवसर दे रही है।